हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 26 फरवरी 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 25.2 डिग्री
न्यूनतम 12.2 डिग्री

4
टाइप-1 डायबिटीज पर कार्यशाला : विशेषज्ञों ने दी जानकारी



# प्रदेश के शहरों में जशपुरिया स्ट्रॉबेरी की मांग बढ़ने से किसान हो रहे मालामाल

**जशपुर।** जिले में इन दिनों किसानों के खेतों में स्ट्रॉबेरी की खेती तेजी से लोकप्रिय हो रही है। फलोद्यान विभाग का अमला ने जशपुर की अनुकूल जलवायु का लाभ दिलाने के लिए कार्यालयों में बैठ कर विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार के बजाए गांव गांव पहुंच कर वहां के किसानों से सतत सम्पर्क किया . इसी मेहनत के परिणाम स्वरूप जशपुर के पहाड़ी इलाकों की बंजर भूमि में फलोद्यान की व्यवसायिक खेती ने अपनी जगह बना ली है।

जशपुर उद्यान विभाग के सहायक संचालक करन सोनकर का कहना है कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में यहां राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना को जमीनी स्तर पर उतारा गया। इससे किसानों ने नाशपाती, स्ट्राबेरी , लीची,आम के साथ चाय की खेती की व्यवसायिक पैदावार लेनी शुरू की। यही कारण है कि यंहा किसानों को धान की खेती से तुलना फलोद्यान की खेती अधिक लाभदायक साबित हो रही है। जशपुर में ग्राम जकबा के किसान राजेंद्र कुमार भगत का कहना है कि वे धान साग सब्जी सहित दूसरी भी लेते हैं, जबकि स्ट्रॉबेरी ऐसी फसल जिससे 8-9 गुना ज्यादा फायदा मिल रहा है। जशपुर जिला हॉर्टिकल्चर फसलों को लेकर अब किसानों के लिए वरदान बन गया है। यहां के किसान स्ट्राबेरी, नाशपाती, सेव, आम लीची के साथ चाय की पैदावार से लाखों रुपये की अतिरिक्त आय लेने लगे है।

### फलोद्यान विभाग की सार्थक पहल



**सुखद नजारा-** जशपुर उद्यान विभाग के सन्तोष बंजारा का कहना है कि जशपुर की ठंडी जलवायु से यंहा के जमीनी और पहाड़ी क्षेत्र में किसानों को विस्तृत समझाइश दी गई, उन्हें सरकार की योजनाओं से लाभान्वित कर इस फसल के अच्छी किस्म के पौधे उपलब्ध कराए गए। समय समय पर खाद पानी के अलावा समुचित देखरेख की गई। किसानों की रुचि और अच्छी मेहनत से उनके खेतों में लगी स्ट्रॉबेरी जैसी ठंडे मौसम वाली फसल का अब काफी सुखद नजारा देखने को मिल रहा है।

**आय में इजाफा-** जिले की ‟जशपुरिया स्ट्रॉबेरी” अब पड़ोसी राज्य ओडिशा के साथ छत्तीसगढ़ के महानगरों में पहुंच कर मेडिसिनल वैल्यू वाली लाल-लाल रसभरी फसल के रूप में अपनी अलग पहचान बना ली है, स्ट्राबेरी फसल की बिक्री से यंहा के किसानों की आय में भी कई गुना इजाफा हुआ है।

## खबर संक्षेप

### वनक्षेत्र में 73 हाथियों का दल कर रहा विचरण

**जशपुरनगर।** तपकरा परिक्षेत्र अंतर्गत सतपुरिया जंगल में 14 दिसम्बर 2025 से 37 हाथियों का एक दल तथा 25 फरवरी 2026 से 36 हाथियों का अन्य दल कुल 73 हाथियों का समूह विचरणरत है। वर्तमान में उक्त सभी हाथी सतपुरिया वनक्षेत्र के भीतर ही सुरक्षित रूप से विचरण कर रहे हैं। अब तक हाथियों का दल वन क्षेत्र से बाहर नहीं आया है तथा किसी प्रकार की जनहानि, जन घायल अथवा मकान क्षति की कोई घटना प्रकाश में नहीं आई है। वन क्षेत्र से बहार निकलकर फसल क्षति की घटना की जाती है। परन्तु स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में एवं सामान्य है। वन विभाग द्वारा क्षेत्र में निरंतर सतर्कता बरती जा रही है। आरआरटी के साथ नियमित गश्ती की जा रही है तथा हाथियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। इसके अतिरिक्त सतपुरिया जंगल से लगे आस-पास के ग्रामों में मुनादी, सूचना प्रसारण एवं व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से ग्रामीणों को निरंतर सतर्क किया जा रहा है। आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन क्षेत्र की ओर अनावश्यक आवागमन को प्रतिबंधित करने हेतु संवेदनशील स्थलों पर अस्थाई बेरियर लगाए गए हैं। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे विशेष रूप से रात्रि के समय अकेले जंगल या खेतों की ओर न जाएँ, समूह में रहें तथा किसी भी प्रकार की हाथियों की गतिविधि की सूचना तत्काल वन विभाग को दें। वन विभाग द्वारा हाथी-मानव द्वंद की संभावनाओं को न्यूनतम करने हेतु सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। आमजन से भी किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने के लिए अनुरोध किया जा रहा है।

### प्रभावित परिजन हेतु 8 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। सन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम मरंगी निवासी स्व. भुली बाई का सांप के काटने से 17 जुलाई 2025 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पति बन्धू राम हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम दनगरी निवासी स्व. ललकी पहाड़िया का नदी के पानी में डूबने से 9 अगस्त 2024 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पति सुखू पहाड़िया हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### शनिचर को मिला मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल



**जशपुरनगर।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर उनके जीवन को सहज और सम्मानजनक बना बना रही है। विशेष रूप से दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाएं न केवल उन्हें आत्मनिर्भर बनने में सहायता प्रदान कर रही हैं, बल्कि उनके जीवन में नई आशा और आत्मविश्वास का संचार भी कर रही हैं। इसी कड़ी में बगीचा विकासखंड के ग्राम खेड़ार निवासी शनिचर टोप्पो को शासन की योजना के अंतर्गत कलेक्टर श्री रोहित व्यास के निर्देश पर आज जनपद सीईओ विनोद सिंह द्वारा मोटराइड्ड ट्राई साइकिल प्रदान की गई। नागपुर में एक दुःखद रेल दुर्घटना में उनके दोनों पैर ट्रेन से कट गए थे। इस गंभीर हादसे के बाद उनका जीवन अत्यंत कठिन परिस्थितियों में गुजर रहा था। दैनिक आवागमन, रोजगार और सामान्य कार्य भी उनके लिए चुनौतीपूर्ण बन गए थे। शासन द्वारा प्रदत्त मोटराइज्ड ट्राई साइकिल उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

## सिंगीबहार मेन रोड पर हुई दुर्घटना, मौके पर शिक्षक ने तोड़ा दम

# बाइक-ट्रक की भिड़ंत में शिक्षक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर



जिले के तपकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंगीबहार मेन रोड पर मंगलवार को एक हृदयविदारक सड़क हादसे में शिक्षक धनंजय कुमार मिश्रा की मौत हो गई। वे अपने घर कुनकुरी से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय फरसाबहार ड्यूटी के लिए जा रहे थे, तभी रास्ते में तेज रफ्तार ट्रक से उनकी बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद शिक्षक सड़क पर दूर जा गिरे और उन्हें गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के मुताबिक ट्रक चालक नसीम अंसारी धमधा (रायपुर) से अंडा लोड कर रामगढ़ की ओर जा रहा था। इसी दौरान सिंगीबहार मेन रोड पर सामने से आ रही बाइक से उसकी सीधी टक्कर हो गई। हादसे के बाद चालक मौके पर ही रुक गया। पुलिस ने ट्रक और चालक दोनों को हिरासत में ले लिया है।

### तपकरा थाना पुलिस ने शुरू की जांच

मामला तपकरा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की वजह माना जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की विवेचना कर रही है।

### तेज रफ्तार वाहनों से कब तक जान जाएगी

यह हादसा एक बार फिर सिंगीबहार मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण को लेकर सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर सख्त यातायात नियंत्रण और नियमित जांच अभियान चलाने की मांग की है।

### विद्यालय परिवार और क्षेत्र में शोक

धनंजय कुमार मिश्रा की असमय मृत्यु से विद्यालय परिवार सहित पूरे कुनकुरी और फरसाबहार क्षेत्र में शोक की लहर है। सहकर्मियों ने उन्हें मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक बताया। स्कूल में शोकसभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी।

# संकल्प बजटः जशपुर से बस्तर तक समृद्धि और सुरक्षा का नया सूर्योदयः विजय



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा प्रस्तुत 1.72 लाख करोड़ रुपये का बजट केवल वित्तीय आवंटन मात्र नहीं, बल्कि राज्य के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक संकल्प है।

भारतीय जनता युवा मोर्चा जशपुर के जिलाध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी के इस बजट का पुरजोर समर्थन करते हुए इसे युवाओं, किसानों और महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य का 'रोडमैप' बताया है।


सुरक्षा और रोजगार का अद्भुत संगम- विजय आदित्य सिंह जूदेव ने बजट की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि आज बस्तर जैसे क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास को एक साथ जोड़ा गया है। बस्तर फाइटर्स के 1,500 नए पदों के सृजन और नए पुलिस थानों की स्थापना से न केवल स्थानीय युवाओं को सम्मानजनक रोजगार मिलेगा, बल्कि यह कदम नक्सलवाद की कमर तोड़ने और क्षेत्र में शांति बहाली के लिए मील का पत्थर साबित होगा। सुरक्षा के इस सुदृढ़ कवच के बीच ही विकास की नई इबारत लिखी जाएगी।

### स्वास्थ्य और अधोसंरचना में क्रांतिकारी बदलाव

बजट में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर विशेष जोर देते हुए विजय आदित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश में पाँच नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना और स्वास्थ्य क्षेत्र में हजारों करोड़ का प्रावधान दूरस्थ अंचलों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि अब जशपुर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों के ग्रामीणों को बेहतर इलाज के लिए महानगरों की ओर नहीं ताकना पड़ेगा। इसके साथ ही, विकास प्राधिकरणों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी योजनाओं में भारी निवेश से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी, जिससे जशपुर जैसे कृषि प्रधान जिलों में संपर्क और व्यापार के नए अवसर पैदा होंगे।

# 3 करोड़ की सड़क निर्माण की खुली पोल

**मिट्टी-गिट्टी से बन रही 4.4 किमी सड़क समयसीमा बीतने के बाद भी काम अधूरा**



**जशपुरनगर।** जशपुर जिले के लोधेनापाठ से लंरगापाठ तक बनने वाली 4.4 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य गंभीर सवालों के घेरे में है। इस सड़क की अनुमानित लागत 2 करोड़ 86 लाख 52 हजार रुपए तय की गई है। यह मार्ग लगभग 192 जनजातीय ग्रामीणों के आवागमन का प्रमुख साधन है, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता और देरी ने पूरे प्रोजेक्ट की साख पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सड़क निर्माण कार्य 12 मार्च 2024 से प्रारंभ हुआ था और इसे 26 मार्च 2025 तक पूर्ण किया जाना था। निर्धारित समयसीमा समाप्त हुए लगभग एक वर्ष बीतने को है, फिर भी निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है।

23 फरवरी 2026 को स्थल निरीक्षण के दौरान जो स्थिति सामने आई, वह चौंकाने वाली थी। निर्माण स्थल पर गिट्टी के साथ सीधे मिट्टी मिलाकर सड़क पर बिछाई जा रही थी। उसके बाद गिट्टी की रोलिंग कर ऊपर से डस्ट का छिड़काव कर औपचारिकता निभाई जा रही थी। जबकि मानक निर्माण प्रक्रिया के अनुसार गिट्टी में पहले डस्ट का नियंत्रित मिश्रण किया जाता है, फिर पानी डालकर विधिवत रोलिंग की जाती है ताकि सड़क की सतह मजबूत और टिकाऊ बने। मौके पर न तो गुणवत्तापूर्ण निर्माण के संकेत मिले और न ही विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी कार्य की निगरानी करता दिखाई दिया। निर्माण की बुनियाद ही कमजोर, सड़क से क्या उम्मीद- ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि जब निर्माण की बुनियाद ही कमजोर रखी जा रही है, तो यह सड़क कितने दिन टिकेगी? आशंका है कि पहली ही बारिश में सड़क उखड़ने और टूटने की स्थिति बन सकती है। बाद में कम बजट, बढ़ी लागत और तकनीकी बाधाओं जैसे तर्क सामने आ सकते हैं।

### आखिर गुणवत्ता हीन निर्माण का जिम्मेदार कौन

जनजातीय बहुल क्षेत्र के लिए स्वीकृत इस महत्वपूर्ण परियोजना में यदि शुरुआत से ही मानकों की अनदेखी हो रही है, तो यह न केवल सरकारी धन की बर्बादी है बल्कि ग्रामीणों के साथ सीधा अन्याय भी है। अब आवश्यकता है कि संबंधित विभाग तत्काल तकनीकी जांच कराए, निर्माण गुणवत्ता की स्वतंत्र पड़ताल हो और दोषी पाए जाने पर ठेकेदार व जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र में तिरपाल की व्यस्था करने के दिए निर्देश

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, मुख्यमंत्री की घोषणा के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की उन्होंने अधिकारियों को सभी आवेदनों का गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने खाद्य विभाग और विपणन विभाग को धान खरीदी केंद्र से धान का उठाव करने के निर्देश दिए हैं। और बारिश से बचाव के लिए धान खरीदी केंद्र में तिरपाल की व्यवस्था करने के लिए कहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू सभी एसडीएम जनपद पंचायत सीईओ, और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने अधिकारियों को बताया कि भारत सरकार द्वारा जल शक्ति अभियान के तहत जल संरक्षण और संवर्धन के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कैच द रेन थीम पर केंद्रित है।

# प्रदेश के विकास को नई दिशा देने वाला बजटः शौर्य प्रताप



**जशपुरनगर।** 25 फरवरी मंगलवार को छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चैधरी द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट प्रदेश के विकास को नई दिशा देने वाला बजट है।इस बजट में प्रदेश के सभी वर्गों के विकास और जरूरतों का ध्यान रखा गया है।

जिला पंचायत जशपुर के उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव ने उक्त बातें कही। उन्होनें कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्तव वाली भाजपा सरकार ने अपनी तीसरे बजट को संकल्प के रूप में प्रस्तुत किया है। यह संकल्प है छत्तीसगढ़ को विकास की नई उंचाईयों पर ले जाने का। इसके लिए बजट में एआई केंद्र खोलने,उद्योग विकासीत करने के साथ सड़क,बिजली,मेडिकल कालेज,स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रीत किया गया है। उन्होनें कहा कि युवाओं की शिक्षा के लिए बजट में नए विवेकानंद आदर्श स्कूल खोलने,कालेजों को सेंटर फार एक्सीलेंस के रूप में विकसीत करने,कौशल विकास करने जैसी महत्वपूर्ण बातों को बजट में शामिल किया गया है। नक्सल समस्या से मुक्त हो रहे बस्तर को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बजट में किया गया प्रावधान सराहनिय है।

### जशपुर को मिली सौगातें

बजट में जशपुर जिले के लिए प्रस्तावित मेडिकल कालेज के लिए सेटअप की स्वीकृति और सरगुजा विकास प्राधिकरण के बजट को 50 से 75 लाख करने और कोतेबिरा को पर्यटन केंद्र के रूप में विकासीत करने की दी गई स्वीकृति की सराहना करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष जूदेव ने कहा कि बीते दो साल में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले ने आशातीत विकास किया है। यह सफर आगे भी जारी

# छत्तीसगढ़ का बजट राज्य के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

**जशपुरनगर।** कुनकुरी निवासी चार्टर्ड अकाउंटेंट बिनीत जिंदल ने राज्य सरकार के बजट 2026-27 की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी सोच के अनुरूप जिले में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए नए स्टेडियम निर्माण का प्रस्ताव युवाओं के लिए प्रेरणादायक कदम है।





इसके साथ ही पंपशाला एनिकट में किसानों के हित में लिफ्ट इरिगेशन योजना से सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा, जिससे कृषकों को सीधा लाभ मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी।राजकुमार ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन से जशपुर जिला ही नहीं, बल्कि पूरा प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। ग्राम बोगी निवासी व्यवसायी घनश्याम यादव ने भी बजट का स्वागत करते हुए कहा कि वे पिछले 10-15 वर्षों से स्थानीय स्तर पर व्यापार कर रहे हैं। इस बजट में आजीविका और निवेश को विशेष प्राथमिकता दिए जाने से छोटे व्यवसायियों को संबल मिलेगा। स्थानीय उद्योग-व्यवसाय को बढ़ावा मिलने से आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी और क्षेत्र की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं पर संवेदनशील पहल



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ के सदस्यों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं मांगों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अजय शर्मा, सीडीपीओ सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान संघ के प्रतिनिधियों ने विभिन्न प्रशासनिक एवं कार्य संबंधी समस्याओं को कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि जिन मुद्दों का निराकरण जिला स्तर पर संभव है, उन पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। राज्य स्तर से संबंधित विषयों को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाएगा। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से जिले को कुपोषण मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 3 से 5 वर्ष तक के बच्चों की आंगनबाड़ी केंद्रों में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। बच्चों को नियमित रूप से पौष्टिक नाश्ता, भोजन, समुचित देखभाल एवं प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराई जाए। सुपोषण आहार का नियमित वितरण कर कुपोषण की रोकथाम सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। ▶▶ शेष पेज 4 पर

## भोजपुरी समाज को नई ऊंचाई-नया आयाम देने का करेंगे प्रयासः तिवारी

# भोजपुरी समाज की कार्यकारिणी का गठन, धनंजय बने अध्यक्ष

**पत्थलगांव।** भोजपुरी समाज की बैठक हनुमान मंदिर में हुई। बैठक की शुरुआत में भोजपुरी समाज के अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह ने अपनी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा कर नवीन कार्यकारिणी बनाने कहा। जिस पर भोजपुरी समाज ने नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।

समाज की नवीन कार्यकारिणी में धनजंय तिवारी को अध्यक्ष, श्याम नारायण गुप्ता, संजय तिवारी, बंटी सिंह (भांचा) और प्रमोद साहू को उपाध्यक्ष, पवन यादव, जगदीश राठौड़, सचिव, अमर तिवारी को कोषाध्यक्ष, एवं नीरज गुप्ता और हरी जायशवाल को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। भोजपुरी समाज के संरक्षक मनोज तिवारी ने अभय प्रताप सिंह एवं उनकी टीम के पूरे कार्यकाल को बेहतरीन एवं समाज को नई ऊंचाई देने वाले बताया। जिस तरह अभय सिंह ने भोजपुरी समाज को एकजुट रखते हुए अपना कार्यकाल पूरा किया उसे बनहि भुलाया जा सकता। अभय प्रताप सिंह ने भोजपुरी समाज के नए अध्यक्ष धनजंय तिवारी एवं सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि हम सब एक परिवार की तरह है। सबको साथ लेकर भोजपुरी समाज को नई ऊंचाई देने कार्य करना होगा जिसमें सभी भोजपुरी समाज का साथ मिलता रहेगा। भोजपुरी समाज के अध्यक्ष धनजंय तिवारी ने कहा कि समाज ने बड़ी जिम्मेदारी दी है जिसे मैं पूरी जिम्मेदारी से पूरा करने कोशिश करूंगा। आप सभी का साथ और हमारे नवीन टीम के साथ भोजपुरी समाज की नई उन्मीद नई ऊंचाई



के तरफ बढ़ते कदम को आगे बढ़ाते चलेंगे। हम सब अलग अलग होकर भी एक परिवार की तरह निभाते आए हैं। उसे और गहराई से आगे बढ़ाएंगे। भोजपुरी समाज को आग बढाएंगे। जिसके लिए सभी संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह के साथ भोजपुरी समाज के हर एक लोग का साथ चाहिए। हम सब मिलकर भोजपुरी समाज को नए आयाम नई ऊंचाई देने का प्रयास करेंगे। उपाध्यक्ष श्यामनारायण गुप्ता ने कहा कि भोजपुरी समाज ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे मैं बढ़ चढ़ कर पूरा करूंगा समाजिक कार्यो में आगे बढ़ कर कार्य करेंगे। उपाध्यक्ष संजय तिवारी ने कहा कि काफी अर्से से हमारा भोजपुरी समाज एक परिवार की तरह साथ चल रहा है जो बहुत अच्छी बात है। हमारा समाज सभी को साथ मे लेकर आगे बढ़ने जाना जाता है। जब से एक हुए है तभी से हमारी अपनी पहचान भोजपुरी समाज के रूप है जो लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। युवाओ को जोड़ना उन्हें आगे लाना हमारे लिए महत्वपूर्ण होगा। इस बैठक में संरक्षक बच्चन दुब्बे, मनोज तिवारी, शिव शंकर गुप्ता, अरुण गुप्ता, अशोक श्रीवास्तव, विजय साहू, अभय प्रताप सिंह, कृष्णा सिंह, सुनील गुप्ता, जितेन्द्र गुप्ता, अवधेश गुप्ता, रमेश तिवारी, अनिल गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, प्रमोद साहू, छोटेलाल गुप्ता, इंद्रपाल यादव, लालबाबू शाह, राजकुमार , कुंदन गुप्ता , बंटी सिन्हा, कुंदन शर्मा, ओझा महराज, राजू साहू, रोशन साहू, प्रमोद सिंह, बिनोद गुप्ता, वीरेंद्र तिवारी, राहुल सहित अन्य समाज के लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### विशेषज्ञों ने दी बैंकिंग परीक्षा की तैयारी करने की जानकारी

**अम्बिकापुर।** शासकीय राजीव गांधी पीजी कॉलेज में बैंकिंग भर्ती की तैयारी हेतु कार्यशाला का आयोजन टैलेंट एंज आईआई लिमिटेड रायपुर के सहयोग से किया गया। कार्यशाला में प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार सिन्हा ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल शैक्षणिक डिग्री पर्याप्त नहीं है तथा विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान, संप्रेषण कौशल तथा परीक्षा की रणनीति की भी आवश्यकता होती है। टैलेंटएज के विशेषज्ञ विकास पाण्डेय एवं राहुल सिंह ने बैंकिंग क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों, विभिन्न बैंकिंग परीक्षाओं की संरचना तथा चयन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, नियमित अभ्यास, मॉक टेस्ट की महत्ता तथा करंट अफेयर्स की तैयारी करने का सुझाव दिया। विकास पाण्डेय ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र आज भी युवाओं के लिए एक सुरक्षित एवं प्रतिष्ठित करियर विकल्प है तथा सरकारी एवं निजी बैंकों में निरंतर भर्ती की प्रक्रिया चलती रहती है। इसके लिए सुनियोजित तैयारी आवश्यक है। राहुल सिंह ने विद्यार्थियों को साक्षात्कार में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति एवं सकारात्मक दृष्टिकोण रखने की सलाह दी तथा समूह चर्चा एवं पर्सनल इंटरव्यू की तकनीकों से अवगत कराया।

### चयनित ग्राम पंचायतों में हुई विशेष ग्राम सभा

**सूरजपुर।** जिला प्रशासन द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जन भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के चयनित ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। आयोजित ग्राम सभाओं में विभिन्न शासकीय योजनाओं की समीक्षा, पात्र हितग्राहियों का सत्यापन एवं आवश्यक प्रस्तावों को पारित किया गया। विशेष ग्राम सभा में शासन की महत्वाकांक्षी धरती आबा योजना अंतर्गत वन क्षेत्र से प्रभावित ग्राम पंचायतों में सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति के संबंध में विस्तृत चर्चा एवं अनुमोदन किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत वनपट्टा धारी कृषकों के भौतिक सत्यापन के उपरांत अपात्र पाए गए कृषकों के संबंध में ग्राम सभा में विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए।

### डीलिस्टिंग महारैली को लेकर लुण्ड्रा में कार्यशाला

**अम्बिकापुर।** जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा खंड स्तरीय डीलिस्टिंग कार्यशाला का आयोजन पंचायत भवन लुण्ड्रा में किया गया। कार्यशाला में 24 मई को दिल्ली में होने वाली डीलिस्टिंग जनजाति गर्जना महारैली की तैयारियों पर चर्चा की गई। कार्यशाला में जशपुर प्रांत के सह संयोजक इंदर भगत ने कहा कि संविधान निर्माण के बाद से जनजाति समाज को अपेक्षित रखने के साथ ही उन्हें संवैधानिक अधिकार नहीं मिला है। उन्होंने वर्षों पहले डीलिस्टिंग की मांग पहली बार संसद में रखने वाले बाबा कार्तिक उरांव के योगदान को याद करते हुए कहा कि समाज को दिशा दिखाने के बावजूद समाज आज भी अपने अधिकारों के लिए संघर्षरत है। जिला संयोजक बिहारी लाल उरांव ने कहा कि यह मुद्धा जनजातीय समाज के अस्तित्व, अधिकार और संवैधानिक संरक्षण से जुड़ा है। समाज को जागरूक, संगठित एवं एकजुट रहकर हमें अपने अधिकारों के लिए लड़ना होगा। जिला सह संयोजक पुरन सिंह टेकाम ने कहा कि हमने गांव स्तर से लेकर प्रदेश स्तर पर डीलिस्टिंग रैली किया है अब दिल्ली जाने की बारी है। इसके लिए प्रत्येक गांव के हर मोहल्ले के लोगों से संपर्क करना है। खंड संयोजक हीरा सिंह टेकाम ने कहा कि पहले भी महारैली में लुण्ड्रा के हजारों जनजाति शामिल हुए हैं। इस बार दिल्ली की महारैली को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचकर समाज की एकजुटता दिखाने का संकल्प लिया। कार्यशाला का संचालन ठाकुर दयाल पैकरा एवं आभार प्रदर्शन मंगल कोरवा ने किया। इस दौरान चमनलाल पैकरा, अमरदेव पैकरा, सेवक सिंह, दिनेश एक्का, बालम साय सिंह, सोमर साय, महेश्वर पैंकरा, किशुन राम सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे।

साफ-सफाई को लेकर मिली शिकायत

# महापौर ने किया पीलिया प्रभावित वार्डों का दौरा, नागरिकों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- अवैध मटन-चिकन की दुकानों को बंद कराने के निर्देश

शहर के नवागढ़, मोमिनपुरा वार्ड में दूषित पेयजल और पीलिया के मरीज मिलने की सूचना के बाद मंगलवार को नगर निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने ननि व स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ प्रभावित वार्ड व गलियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड में लोगों से बात करने के साथ ही वार्ड में साफ-सफाई करने के साथ ही पोल्ट्री फार्म, चिकन मटन की अवैध दुकानों को हटाने के निर्देश दिए।

बता दें कि शहर के नवागढ़, मोमिनपुरा वार्ड में दूषित पेयजल के कारण पीलिया के मरीज मिलने की बात सामने आई थी। जानकारी सामने आने के बाद महापौर श्रीमती मंजूषा भगत के निर्देश पर जल प्रदाय विभाग के प्रभारी सदस्य जितेंद्र सोनी के निर्देश पर जल विभाग एक अधिकारीयों द्वारा वार्ड में संभावित घरों से पानी का सैंपल लिया गया। लिए गए पानी सैंपल को जांच के लिए रायपुर भेजा गया है और इसकी रिपोर्ट 25 फरवरी को प्राप्त होगी। इस बीच मंगलवार को महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने ननि की टीम व पार्षदों के साथ वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी उपलब्ध कराई गई की दिसंबर माह से 10 दिन पूर्व तक 42 पुलिया के मरीज थे परंतु वर्तमान में ठीक हो गए हैं। यह सर्वे मोमिनपुरा की मितानिन श्रीमती निम्मा खातून द्वारा किया गया है। तत्पश्चात आठ लोगों की जांच हुई, जिसमें तसलीमा/ताहिर, मोहम्मद जुनैद आलम आ. मोहम्मद महफूज दो व्यक्ति वर्तमान में मरीज पाए गए शेष छः लोग पूर्व में ठीक हो चुके हैं। नगर पालिक निगम को दो माह में अब तक कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। मितानिन द्वारा 10 घरों से पानी का सैंपल लेकर मेडिकल कॉलेज के लैब में टेस्ट कराया गया। जिसमें केवल दो घरों के सैंपल प्रदूषित पाया गया। घुटरापारा में छः नहीं मरीज मिलने की बात सामने आई थी लेकिन स्वास्थ्य विभाग, स्थानीय मितानिन यशोदा यादव यादव व गीता विश्वकर्मा को इसकी जानकारी नहीं है। नहीं है। टीम द्वारा जांच में भी नहीं मिले। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य मनीष सिंह, श्रीमती प्रियंका गुप्ता, नितिन गुप्ता, अजय सारथी, विकास गुप्ता, प्रशांत पांडेय, जल विभाग के प्रभारी प्रशांत खुल्लर, इंजीनियर सतीश रवि, स्वास्थ्य विभाग से अनिल पांडे, स्वास्थ्य कर्मी, सफाई कर्मी, नल विभाग के कर्मचारीगण, वार्ड वासी उपस्थित रहे।



वार्ड में लोगों से जानकारी लेती महापौर।

### चिकन-मटन दुकानों को हटाने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई की वार्ड में नाली खुली है, पर्याप्त गंदगी, कचरों का ढेर है और वर्षों से वार्ड में सफाई नहीं हुई है। महापौर के समक्ष मोहल्ले वासियों द्वारा भी इसकी शिकायत की गई। स्थानीय निवासी अधिवक्ता इनामुल हक एवं वरिष्ठ सलीम अंसारी द्वारा बताया गया इन गलियों में पोल्ट्री फार्म, चिकन-मटन अवैध दुकान संचालित हैं जो गंदगी का प्रमुख कारण है एवं बीमारी फैल रही है। वार्ड वासियों की शिकायत थी की कई बार आवेदन देने के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिस पर महापौर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सफाई विभाग को विशेष टीम लगाकर सफाई कार्य करने, जल विभाग को सभी कनेक्शन जो नालियों में है उसे स्वच्छ स्थान पर स्थानांतरित करना, बाजार विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को पोल्ट्री फार्म, अवैध चिकन, मटन, मछली की दुकानों को बंद कराने का निर्देश दिया। वहीं महापौर ने फोन पर सीएमएचो से चर्चा की गई। इस दौरान सीएमएचो ने बताया कि पानी के अलावा, दूषित खाद्य पदार्थ का सेवन, गंदगी भी मुख्य वजह है इसके अलावा जल सैंपल टेस्ट की रिपोर्ट आने पर स्थिति स्पष्ट होगी। महापौर ने उन्हें निर्देश दिए नर्सिंग टीम को डोर टु डोर जांच किया जाए।

#### लापरवाह ठेकेदार होंगे ब्लैक लिस्टेड

जलप्रदाय विभाग की प्रभारी सदस्य जितेंद्र सोनी ने बताया कि पीलिया से पीड़ित क्षेत्र से पानी का सैंपल लेकर रायपुर भेजा गया है। 26 या 27 फरवरी को रिपोर्ट आ जाएगी। जिन गलियों में नालियों के संपर्क में कनेक्शन दिए गए हैं उन्हें सुरक्षित स्थान पर किए जाएंगे। एक व्यक्ति के कनेक्शन के दौरान चप्पल से लीकेज बंद करने का मामला सामने आया है इस कार्य को करने वाले ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई की जा रही है एवं विभाग को निर्देश दिया गया की कनेक्शन करने से पूर्व, ठेकेदार को कार्य करने से पूर्व विभाग द्वारा स्थल का जांच कराया जाए।

### कराएंगे पाइप लाइन शिफ्टिंग : मंजूषा

निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि पीलिया फैलना बड़ा चिंतनीय विषय है, वार्डवासियों को इसकी सूचना तत्काल निगम को देनी चाहिए थी। यह सभी का कर्तव्य है। मैं स्वयं पूरे निगम का अमला के साथ दौरा कर जानकारी प्राप्त कर रहीं हूं। निरीक्षण के दौरान कई शिकायत एवं सुझाव आए हैं जिसका तत्काल निराकरण किया जाएगा एवं पूरे शहर में जांच, सफाई व्यवस्था की समीक्षा का निर्देश अधिकारियों को दिया है। पानी का जांच रिपोर्ट आने तक पानी उबाल कर पीएं। वार्डवासी डरे नहीं, जल्द ही समस्या का निदान हो जाएगा। नाली के बगल में या नाली के नीचे पाइपलाइन बचाने की बात सामने आई है। अमृत मिशन के तहत डीपीआर की विपरीत कई स्थान पर पिछले निगम सरकार में कार्य कराया गया है। इसकी जांच कराकर कार्रवाई कराई जाएगी। गलियों का चिन्हांकन कर पाइपलाइन शिफ्टिंग कराया जाएगा। हमें अभी आरोप-प्रत्यारोप को किनारे रखते हुए समस्या से निपटने की आवश्यकता है।



## किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए काम कर रही सरकार : भारत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- भाजपा किसान मोर्चा का जिला स्तरीय बैठक में संगठन की मजबूती का लिया संकल्प

किसानों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ दिलाने भाजपा किसान मोर्चा का जिला स्तरीय बैठक बतौली विकासखंड के ग्राम बूढ़ाआमा में आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार द्वारा संचालित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए संगठन के कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी गांव-गांव जाकर योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा पात्र किसानों को योजनाओं से जोड़कर उन्हें वास्तविक लाभ दिलाएं। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों के बीच परिचय सत्र के दौरान सभी ने संगठन हित में पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।बैठक में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने, बूथ स्तर तक किसान मोर्चा की सक्रियता बढ़ाने तथा आगामी चुनाव की रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अनिल निराला ने मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष भरत सिंह सिसोदिया के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसान मोर्चा प्रदेश की भाजपा सरकार के सार्थक प्रयासों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करेगा एवं किसानों को योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने के लिए प्रयासरत रहेगा। उन्होंने कहा कि संगठन के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर भाजपा की नीतियों एवं सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। कार्यक्रम के अंत में संगठन की मजबूती, किसानों के उत्थान तथा क्षेत्र के समग्र विकास हेतु सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, जन्मजय मिश्रा, निलेश सिंह, अशोक गुप्ता, रज्जु राम, रजनीश पांडे, राजू पांडे, आशीष गुप्ता, अमित गुप्ता, नीरू मिस्त्री, महेन्द्र सिंह, अनिल तिवारी, जितेश्वर पाठक, प्रदीप अग्रवाल, विक्की सोनी, विजय तिवारी, प्रदीप मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया ग्राम राजाकटेल का भ्रमण, सुनी ग्रामीणों की समस्या



अम्बिकापुर। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने पदाधिकारियों पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ लखनपुर प्रवास के दौरान ग्राम राजाकटेल के पंडो समाज के लोगों की व्यथा सुनी। लोगों ने बताया कि उनकी पुरखों की जमीन छलपूर्वक बाहरी लोगों ने हड़प ली है तथा समुदाय विशेष के बाहरी लोग खेती-बाड़ी पर कब्जा कर लिए हैं।

आदिवासी वर्ग की भूमि सामान्य वर्ग का व्यक्ति क्रय नहीं कर सकता इसके बावजूद बाहरी लोगों ने षड्यंत्र पूर्वक गांव के पंडो समाज के लोगों की 70 फीसदी से अधिक भूमि पर अपना कब्जा जमा लिया है। कुछ लोगों ने आदिवासी जमीन की रजिस्ट्री भी करा ली है वहीं कई लोगों को वनभूमि पट्टा मिल गया है एवं नामांतरण भी हो चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि बकरियां खरीदने आए लोगों ने प्रारंभ में झोपड़ी बनाने के लिए जगह मांगी तथा धीरे-धीरे पक्का घर बना लिया। जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया ने तत्काल कलेक्टर एवं राजस्व अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर स्थिति से अवगत कराया एवं तत्काल कार्रवाई करने की मांग की तथा ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि आपकी एक-एक इंच जमीन का हिसाब होगा और जमीन वापस मिलेगी। इस दौरान जिला महामंत्री विनोद हर्ष, दिनेश साहू, दिनेश गुप्ता, चंद्रिका यादव, निलेश सिंह, अजीत सिंह, जन्मेजय मिश्रा, विजय व्यापारी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 26 वर्षों बाद सरगुजा स्काउटिंग को मिला अपना नवीन जिला कार्यालय

- विधि विधान से किया गया उद्घाटन

**अंबिकापुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स सरगुजा के नवीन जिला कार्यालय व हॉल का लोकार्पण मंगलवार को किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में जिला मुख्य आयुक्त तजिंदर सिंह बग्गा, डीईओ एवं पदेन कमिश्नर सरगुजा डॉ. दिनेश कुमार झा ने कार्यालय का उदघाटन किया। 26 वर्षों की सतत यात्रा के बाद जिले को अपना स्वतंत्र और सुसज्जित कार्यालय प्राप्त होना सरगुजा स्काउटिंग परिवार के लिए गर्व का विषय रहा। इस दौरान जिला मुख्य आयुक्त तजिंदर सिंह बग्गा ने कहा कि यह भवन सेवा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की भावना का सशक्त केंद्र बनेगा। उन्होंने इस उपलब्धि को सामूहिक समर्पण का परिणाम बताते हुए वर्तमान जिला शिक्षा अधिकारी के सहयोग के प्रति आभार प्रकट किया।

डीईओ एवं पदेन कमिश्नर डॉ. दिनेश कुमार झा ने कहा कि स्काउटिंग एवं गाइडिंग विद्यार्थियों के अनुशासनात्मक चरित्र निर्माण की प्रभावी पाठशाला है जहां बाल्य अवस्था से लेकर किशोरावस्था तक प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने सरगुजा को राज्य में स्काउटिंग के क्षेत्र में अग्रणी बनाने का आह्वान किया साथ ही निरंतर प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त योगेश विश्वकर्मा की भूमिका विशेष रूप से सराही गई। उनके अथक परिश्रम, सतत प्रयास और दूरदर्शी नेतृत्व के फलस्वरूप ही यह उपलब्धि साकार हो सकी। उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं अतिथियों ने उनके समर्पण संगठन क्षमता और सक्रिय नेतृत्व की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। श्री विश्वकर्मा ने जिले की अब तक की उपलब्धियों से अवगत कराते हुए आगामी राज्यपाल पुरस्कार में अधिकाधिक सहभागिता का अश्वासन दिलाया एवं शीघ्र ही बेसिक स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन प्रशिक्षण आयोजित करने कहा जिससे जिले की स्काउटिंग गतिविधियों को नई गति एवं दिशा मिलेगी। इस अवसर पर कार्यालय प्राँगण में सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई एवं जिला व ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों, स्काउटर-गाइडर, सीनियर रोवर्स व रेंजर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान सरगुजा स्काउट संभाग आयुक्त त्रिभुवन शर्मा, सहायक परियोजना अधिकारी संजय सिंह, जिला सचिव महेंद्र सिंह, सह सचिव रेशमा लकड़ा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट गाइड मनीष गुप्ता, पुष्पिका मिंज, ब्लॉक सचिव मनीषा तिर्की, अनुप्रेमा भगत, शीतल जायसवाल, स्काउटर दयाशंकर सिंह, हरि प्रसाद राजवाड़े, सतीश भाई पटेल, प्रमोद भगत, गाइडर संगीता राज तिर्की, अरुणा टोप्पो, सुष्मिता एक्का, अंजना प्रजापति, शिवानी तिर्की, सीनियर रोवर विवेक सोनी, गोपाल सिंह, रवि यादव, राहुल सिंह, रितेश, अभिमन्यु, लव, आकाश, रेंजर अंजलि, प्रियांशु, पायल,भाव्या, मांशु आदि शामिल रहे।



### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म आरोपी जेल दाखिल

**अम्बिकापुर।** शादी का झांसा देकर युवती से अनाचार करने के मामले में राजपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है। पीड़िता ने लुण्ड्रा थानान्तर्गत ग्राम कोईलारी निवासी उमेश दिवाकर पिता मंगलू के विरूद्ध शादी का झांसा देकर लंबे समय से अनाचार करने एवं बाद में शादी करने से इंकार करने का आरोप लगा राजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस धारा 69 एवं 351 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को तलाश रही थी। आरोपी लम्बे समय से फरार था तथा अलग-अलग रिश्तेदारों के घर में समय गुजार रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### लखनपुर विद्युत उपकेन्द्र में चार्ज किया गया 5 केवीए का ट्रांसफार्मर

अम्बिकापुर। तहसील मुख्यालय लखनपुर में लगातार विद्युत भार बढ़ने से उपभोक्ताओं को हो रही समस्या के निराकरण की दिशा में ग्रामीण विद्युत संभाग द्वारा विद्युत उपकेन्द्र में 5 एमबीए क्षमता का ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। विद्युत अधिकारियों की उपस्थिति में ट्रांसफार्मर को चार्ज करने के साथ ही गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति प्रारंभ की गई। लखनपुर स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र में लम्बे समय से 3.15 केवी क्षमता के ट्रांसफार्मर के माध्यम से विद्युत की आपूर्ति की जा रही थी। घरेलू कृषि एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ने के साथ ही विद्युत की खपत में वृद्धि होने के कारण बीच-बीच में उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज सहित अन्य तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। समस्या के निराकरण के लिए विभाग ने ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने का प्रस्ताव शासन को भेजा था। शासन की स्वीकृति उपरांत मंगलवार को कार्यपालन अभियंता रोशन नागवंशी सहित विभाग के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में तकनीकी टीम ने उपकेंद्र में 5 केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाया तथा सफलता पूर्वक इसे चार्ज कर आपूर्ति प्रारंभ की। कार्यपालन अभियंता श्री नागवंशी ने बताया कि 5 केवीए का ट्रांसफार्मर लगने से क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब निर्बाध गुणवत्तायुक्त बिजली उपलब्ध होगी तथा औद्योगिक एवं आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा।



## युवक ने शादी के लिए बनाया दबाव तो युवती ने पी लिया जहर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

युवक द्वारा आए दिन शादी के लिए दबाव बनाने से परेशान युवती ने कीटनाशक पी ली। परिजन युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम बरकोल निवासी रूपा सेन आ. भीम सेन (19 वर्ष) 20 फरवरी को कीटनाशक पी ली। इधर कीटनाशक पीने की जानकारी लगने पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान आज युवती की मौत हो गई। मृतिका की मां रामवती ने पुलिस को बताया कि ग्राम रवई निवासी एक युवक लगातार उसकी बेटी को शादी करने के लिए दबाव बना रहा था जिससे बेटी रूपा काफी परेशान थी। युवक द्वारा शादी के लिए दबाव बनाने से तंग आकर कीटनाशक पी ली। रामवती ने पुलिस को बताया कि यह बाद उसकी बेटी ने अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान उसे बताई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की गई जान

पत्नी व बच्चो को लेकर ससुराल गए युवक ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम भंडार निवासी दिनेश कुमार आ. उजीत राम (27 वर्ष) 18 फरवरी को पत्नी ममता व दो बच्चों को लेकर ससुराल ग्राम परसा नवापारा गया था। उसी दिन युवक अपने छोटे बच्चे को लेकर गांव में घूमने चला गया। शाम को घर आने लगा तो वह लड़खड़ाने लगा जिसे देख पत्नी ने सही तरीके से नहीं चल पाने के संबंध में पूछी तो पति ने कीटनाशक पी लेने की बात बताई। कीटनाशक पी लेने की जानकारी लगते ही परिजन उसे उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## इंडिया एआई समिट प्रकरण के विरोध में महिला मोर्चा ने फूंका राहुल का पुतला



**भैयाथान।** इंडिया एआई सम्मिट में युवा कांग्रेस इंपैक्ट सिस्टम से जुड़े कथित अमर्यादित एवं अभद्र कृत्य के विरोध में जिला महिला मोर्चा ने भैयाथान मंडल में विरोध प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नूतन विश्वास ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताया और जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं सार्वजनिक जीवन की गरिमा को आहत करती हैं। ऐसे दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, जिला महामंत्री नेहा तिवारी, महिला मंडल अध्यक्ष नीरू गुप्ता, युवा मोर्चा जिला महामंत्री रूपेंद्र कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा अभिषेक गुप्ता, रामावतार पाटिल, त्रिलोक पटेल, ध्रुव सारथी, उजाला ठाकुर, खेलसाय राजवाड़े, महेंद्र यादव, गोरख राजवाड़े, ऋषभ अग्रवाल, रवि यादव, अवि गुप्ता, बिजेंद्र कुशवाहा, तान्या पटेल, रीता यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दूसरे की भूमि को अपना बताकर दो लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार




**अंबिकापुर।** दूसरे की जमीन को अपना बताकर 2 लाख रुपए की ठगी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से जनरल पावर ऑफ अटार्नी को भी जब्त किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केदारपुर चर्च रोड निवासी प्रितपाल सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि मीना एवं देवपति के स्वामित्व की भूमि सूरजपुर जिले के लटोरी मोरभंज में मौजूद है। उक्त भूमि के उप पंजीकृत अधिकार पत्र के आधार पर आरोपी राजेश कुमार पाण्डेय ने 21 जुलाई 2022 को 35 लाख रुपए में उक्त भूमि का सौदा कर लिया और अग्रिम राशि 2 लाख रुपए चेक के माध्यम से लिए। इस दौरान आरोपी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा था कि पूरी राशि मिलने के बाद वह भूमि के बिक्री की सम्पूर्ण कार्रवाही करेगा लेकिन रूपए लेने के बाद वह जमीन की बिक्री नहीं कर रहा था। इस दौरान यह बात सामने आई कि राजेश कुमार पाण्डेय के नाम उक्त भूमि की पावर ऑफ अटार्नी 2023 में आई थी जबकि उसने 2022 में ही पावर ऑफ अटार्नी के नाम पर जमीन की रजिस्ट्री करने के लिए 2 लाख रुपए का चेक ले लिया था। जब प्रितपाल सिंह द्वारा अपने रूपए वापस मांगे गए तो आरोपी रूपए देने को तैयार नहीं था। ऐसे में उसने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। कोतवाली पुलिस द्वारा इस मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान इस बात की पुष्टि हुई कि प्रार्थी को कूटरचित अधिकार पत्र दिखाकर 21 जुलाई 2022 को भूमि कय विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया गया है जबकि मूल भूमि स्वामी देवमति से आरोपी के द्वारा 6 मार्च 2023 को मुख्तारनामा आम जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी दो वर्ष के लिये लिया गया है। ऐसे में कोतवाली पुलिस ने केदारपुर तिवारी बिल्डिंग रोड निवासी 41 वर्षीय राजेश कुमार पाण्डेय आ. राजन कुमार पाण्डेय को भादवि की धारा 420, 467,468, 471 के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी को जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली शशिकान्त सिन्हा, उनि केके यादव, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक जयदीप सिंह, विकास सिन्हा, आरक्षक मनीष सिंह, अमनपुरी, शिव राजवाड़े, दीपक दास मंटू गुप्ता सक्रिय रहे।



# भूत बंगला से सामने आया अक्षय का नया लुक...

**मुंबई।** अक्षय कुमार की आगामी फिल्म 'भूत बंगला' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म के जरिए अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की हिट जोड़ी 16 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। मंगलवार को मेकर्स ने फिल्म का एक नया मोशन पोस्टर जारी किया है। मेकर्स की ओर से जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर में अक्षय कुमार एक डरावने सिंहासन पर बैठे नजर आ रहे हैं। इस सिंहासन पर डरावने भूतों के सिर बने हुए हैं, जो मुंह फैलाते नजर आ रहे हैं।आंखों पर काला चश्मा लगाए अक्षय अपने गले और हाथों में कई रुद्राक्ष और अन्य मालाएं पहने हुए हैं।



लाइफ Style

# तमन्ना


## खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड किया लॉन्च

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तमन्ना भाटिया ने हाल ही में अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड 'तमन्ना फाइन जूलरी' लॉन्च किया है। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह ने कहा- अगर आप शार्क टैंक इंडिया में होतीं तो मैं अपने सारे निवेश आपके ब्रांड में लगा देती।'

बॉलीवुड में ऐसे सितारों की कोई कमी नहीं जो एक्टिंग के साथ-साथ अलग-अलग तरह के बिजनेस में भी अपनी पहचान बनाने में जुटे हुए हैं। हाल ही में तमन्ना भाटिया ने भी इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई है, जिसमें उन्होंने 'तमन्ना फाइन जूलरी' नाम से अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड लॉन्च किया है। हाल ही में एक बातचीत में तमन्ना ने भारत में कई सेलिब्रिटी-आधारित ब्रांड की असफलता पर बात करते हुए कहा कि खुद को वैसी असफलता से बचाने के लिए अपने ब्रांड के साथ शुरू से अंत तक गहराई से जुड़ी रहने के लिए तैयार हैं। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह के पॉडकास्ट पर बातचीत करते हुए तमन्ना ने कहा, 'मैं खुद को एक सेलिब्रिटी के रूप में नहीं देखती जो ब्रांड बना रही है। मैं खुद को एक फाउंडर के रूप में देखती हूं, जो इस ब्रांड को खड़ा करने की कोशिश कर रही है। कोई भी सिर्फ मेरे चेहरे के लिए इस तरह के महंगे उत्पाद में पैसा नहीं लगाएगा। मैं प्रॉडक्ट के प्रति ईमानदार हूं और अगर मेरा मकसद सिर्फ पैसा कमाना होता तो मैं कोई और कैटिगरी चुन सकती था। मैं इसकी जगह कोई ऐसा प्रॉडक्ट बना सकती थी जो बहुत फेमस होता और लोगों को खूब बिकता।'

हॉलीवुड मसाला



# अभिनय की दुनिया से खास नाता

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर एक्टर रॉबर्ट कैराडाइन ने 71 वर्ष की आयु में अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। 'रिवेंज ऑफ द नड्‌र्स 'और 'लिजी मैकगायर' ने एक्टर को काफी पॉपुलर कर दिया था। रॉबर्ट अपने मानसिक स्वास्थ से काफी समय से जूझ रहे थे। रॉबर्ट कैराडाइन घर के सबसे छोटे बेटे थे। उनके पिता जॉन कैराडाइन एक मशहूर अमेरिकी अभिनेता थे। एक्टर के परिवार के ज्यादातर सदस्य फिल्मी दुनिया का हिस्सा रहे हैं। 1972 में जॉन वेन के साथ फिल्म 'द काउबॉयज' के साथ अपने अभिनय की शुरुआत की थी।




# इंडिया में परफॉर्म करने के लिए तैयार शकीरा...

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल स्टार शकीरा इस साल भारत में फिर से एक बार शानदार परफॉरमेंस देने वाली हैं। इस बात की पुष्टि होने के बाद उनके फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। उन्होंने पिछली बार 2007 में इंडिया में परफॉर्म किया था। अब 19 साल बाद फिर से शकीरा अपना जलवा बिखेरने इंडिया आ रही हैं। लैटिन पॉप की ग्लोबल स्टार शकीरा इस अप्रैल भारत में लगभग 19 साल बाद धमाकेदार वापसी करने जा रही हैं। दिल्ली और मुंबई में शकीरा का कॉन्सर्ट होने वाला है। 2007 में अपने 'ऑरल फिक्सेशन टूर' के दौरान मुंबई में यादगार शो करने के बाद यह उनका पहला बड़ा कॉन्सर्ट होगा। रिपोर्ट्‌स के मुताबिक, उनका दिल्ली कॉन्सर्ट 15 अप्रैल 2026 को होने की संभावना है, हालांकि आयोजक जल्द ही इसकी आधिकारिक तारीख की घोषणा करेंगे।



# ईशा की इश्कां दे लेखे का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** भारतीय एक्ट्रेस , मॉडल, डांसर, लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बिग बॉस 17 फेम ईशा मालवीय की पहली फिल्म 'इश्कां दे लेखे' का ऑफिशियल ट्रेलर सोमवार को रिलीज कर दिया गया। एक्ट्रेस रोमांटिक पंजाबी फिल्म से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। चैनल ने मूवी का ट्रेलर रिलीज करते हुए डिसक्रिप्शन में लिखा, 'एक बार फिर प्यार में पड़ने के लिए तैयार हो जाइए! स्पीड रिकॉर्ड्‌स प्रस्तुत करता है 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित पंजाबी प्रेम कहानी 'इश्कां दे लेखे' का ट्रेलर। शानदार गुरनाम भुल्लर और खूबसूरत ईशा मालवीय अभिनीत यह पंजाबी फिल्म उन सभी लोगों के लिए बनाई गई है, जिन्होंने कभी दिल से प्यार किया है।' मनवीर बरार की निर्देशित, 'इश्कां दे लेखे' बड़े पर्दे पर पंजाबी रोमांस को एक नई परिभाषा देने के लिए तैयार है।



# राजामौली-महेश में हुआ झगड़ा...

**मुंबई।** रामगोपाल वर्मा ने अपने एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर एक वीडियो मंगलवार को पोस्ट किया। इस वीडियो में बाहुबली फेम डायरेक्टर एसएस राजामौली और साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू जमकर लड़ रहे हैं। एक-दूसरे को पटपटकर मार रहे हैं। आखिर दोनों ऐसा क्यों कर रहे हैं। और इस बात को लेकर क्यों रामगोपाल वर्मा कह रहे हैं कि सिनेमा मर चुका है। दरअसल यह वीडियो किसी ने एआई से बनाया है। यह वीडियो बिल्कुल रियल और मजेदार लग रहा है। लेकिन एक निर्देशक होने के नाते रामगोपाल वर्मा को यह बात पसंद नहीं आई है। सिनेमा में एआई के ऐसे दखल से वह शायद नाराज हैं, इस वजह से उन्होंने पोस्ट में लिखा- सिनेमा मर चुका है। रामगोपाल वर्मा से पहले कई डायरेक्टर्स ने सिनेमा में एआई के इस्तेमाल पर सवाल किए।

टीवी मसाला



# कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है सूबेदार : अनिल

**मुंबई।** अनिल कपूर की मच-अवेटेड फिल्म 'सूबेदार' अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर के लिए तैयार है। सोमवार को मुंबई में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हुआ। इस मौके पर अनिल कपूर ने 'सूबेदार' में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया।अनिल कपूर ने कहा, 'यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है। यह रोल मेरे लिए मेरे कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है। मैंने इसे हमेशा की तरह पूरे दिल और जान से किया है। मैंने अपनी तरफ से कड़ी मेहनत की है। जैसा कि मैं हमेशा करता हूं। मुझे उम्मीद है कि आपको यह फिल्म और हमारा काम पसंद आएगा।' ट्रेलर में दिखाया गया है कि अनिल कपूर एक रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर के रोल में हैं। वह एक शहर में आते हैं, जहां गुंडाराज चल रहा है। मोना सिंह एक माफिया यानी दीदी के रोल में हैं। उसका एक भाई है, जो लोगों पर जुल्म करता है। एक दिन वह अनिल कपूर की बेइज्जती कर देता है। उसके बाद एक्शन शुरू होता है। सूबेदार एक एक्शन फिल्म है। इसका निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है। इसमें अनिल कपूर के अलावा मोना सिंह, राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, मोना सिंह, आदित्य रावल, फैजल मलिक और खुशबू सुंदर भी हैं। यह फिल्म 5 मार्च को स्ट्रीम होगी। सूबेदार के अलावा अनिल कपूर कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। वह पिछले साल फिल्म 'वॉर 2' में नजर आए थे।


## शादी की चर्चा के बीच दुबई में नजर आईं तान्या

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 फेम तान्या मित्तल हाल ही में लहंगे की शॉपिंग करती नजर आईं। जिसके बाद उनकी शादी को लेकर अटकलें लगनी लगीं। इसी बीच अब वह दुबई में हैं। एक वीडियो भी तान्या मित्तल ने साझा किया है। तान्या मित्तल ने रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। अपनी अमीरी के किस्से वह शो में सुनाया करती थीं। हाल ही में वह दिल्ली के चांदनी चौक में लहंगे खरीदती दिखीं। लाल रंग का लहंगा भी तान्या से ट्राई किया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर मौजूद है। इसके बाद ही तान्या मित्तल के फैंस को लगा कि वह शादी करने वाली हैं। दुबई का वीडियो देखकर भी तान्या से फैंस ने पूछा कि वह अपने दूल्हे से कब मिलवा रही हैं। तान्या मित्तल अक्सर कहती हैं कि वह काफी अमीर हैं। लेकिन कई लोगों को लगता है कि वह झूठ बोलती हैं। लेकिन सोमवार को तान्या ने दुबई का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह एक आलीशान होटल में ठहरी हैं और काफी महंगा ब्रेकफास्ट कर रही हैं।



# शहंशाह अकबर के रोल के लिए नंगे पैर गर्म रेत पर चलते थे पृथ्वीराज कपूर

*नई दिल्ली। पृथ्वीराज कपूर के पोते जतिन कपूर ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 'मुगल-ए-आजम' में मशहूर 'शहंशाह वाली चाल' के पीछे की दिलचस्प और प्रेरणा देने वाली कहानी बताई। उन्होंने बताया कि फिल्म में मशहूर एक्टर की चाल पूरी लगन और लगातार प्रैक्टिस से पूरी हुई। पृथ्वीराज कपूर के लगन के बारे में बताते हुए जतिन ने कहा, 'फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में, पहले ही सीन में शहंशाह को तपती रेगिस्तान की रेत में नंगे पैर चलते हुए दिखाया गया है। उस वॉक के लिए, मेरे नानाजी पृथ्वीराज कपूर ने बहुत रिहर्सल की थी। मुंबई की गर्मी में वह मुंबई के जुहू बीच पर 300 से 400 मीटर तक गर्म रेत पर नंगे पैर चलने की प्रैक्टिस करते थे।'*



### ज़िंदगी में कई शानदार रोल किए

अपने नानाजी के पैशन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, 'पृथ्वीराज कपूर ने अपनी ज़िंदगी में कई शानदार रोल किए। उनकी तैयारी के पीछे की कहानियां भी उतनी ही शानदार हैं। जो इंसान अपने काम से सच्चा प्यार करता है और उसके लिए पैशन रखता है, वह किसी भी हद तक जा सकता है। उन्होंने अपने काम के प्रति अपने प्यार और डेडिकेशन के लिए अपने पैरों की कुर्बानी दे दी। अपना नोट खत्म करते हुए, जतिन ने कहा, 'सुनने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद. मैं आप सभी का शुक्रगुजार हूं. मैं हमेशा रहूंगा।

### चप्पल पहनने से मना कर दिया

उन्होंने आगे बताया, 'जब सीन आखिरकार शूट हुआ, तो वह बिल्कुल वैसा ही था जैसा बताया गया था। यहां तक कि क्लोज-अप शॉट्स में भी, जहां उनके पैर नहीं दिख रहे थे। उन्होंने चप्पल पहनने से मना कर दिया। वह पूरी तरह असली दिखना चाहते थे। वॉक को फाइनल करने के प्रोसेस के बारे में बात करते हुए, जतिन ने कहा, कई दिनों तक प्रैक्टिस करने के बाद, उन्होंने पृथ्वी थिएटर के अपने कुछ साथियों को बुलाया और उन्हें अपनी वॉक देखने के लिए वहां खड़ा कर दिय।. वह बार-बार चलते रहे, जब तक किसी ने यह नहीं कहा कि अब ऐसा नहीं लग रहा कि पृथ्वीराज कपूर चल रहे हैं, बल्कि खुद शहंशाह चल रहे हैं। तभी उन्होंने वह चाल ठीक की।

# अमिताभ ने दिखाई कल्कि 2 के सेट की तस्वीरें

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने 83 साल की उम्र में भी काफी एक्टिव हैं। उन्होंने अब नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल के लिए शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म 'कल्कि' में अमिताभ बच्चन पौराणिक किरदार अश्वत्थामा के रोल में दिखे थे। अब अमिताभ ने 'कल्कि 2' की शूटिंग शुरू कर दी है अमिताभ बच्चन ने 'कल्कि 2' के सेट से अपनी कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में से एक में वो कमल हासन से गले लगते दिख रहे हैं। पर्दे के पीछे की इन तस्वीरें को शेयर करते हुए उन्होंने 40 साल बाद कमल हासन के साथ फिर से काम करने पर खुशी जाहिर की है। इस बार अमिताभ करीब चार दशकों के बाद एक कमल हासन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। अमिताभ ने इन झलकियों को शेयर करते हुए लिखा है, 'और महान कमल हासन से मुलाकात... हम सालों बाद साथ काम करेंगे। उन्होंने बताया कि आखिरी बार फिल्म 'गिरफ्तार' में दोनों ने साथ काम किया था। यानी साफ है कि पिछली फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों एक्टर की मुलाकात नहीं हो पाई। अमिताभ ने फिल्म को



लेकर कहा है, 'कल्कि 2 ने काम शुरू कर दिया है... और रविवार को उनकी उपस्थिति की प्रतीक्षा में हमेशा प्यार और स्नेह को संजो कर रखेंगे... लेकिन उम्मीद है कि आने वाले रविवार को हम सभी के साथ होंगे।' यहां बता दें कि इस शूटिंग की वजह से पिछले रविवार को अमिताभ अपने फैन्स से मिलने घर से बाहर नहीं निकले थे और बरसों की परंपरा टूट गई।

## परिवार को नहीं था मंजूर संगीत का रास्ता

# 6 रुपए में गाया पहला गाना, दर्द भरी आवाज से जीता देश का दिल

*नई दिल्ली। भारतीय फिल्म संगीत की दुनिया में कुछ आवाजें समय के साथ पुरानी नहीं पड़तीं, बल्कि और गहरी होती चली जाती हैं। ऐसी ही दिल को छू लेने वाली आवाज थी तलत महमूद की। उनकी गायकी में दर्द भी था, मिठास भी थी, और शायरी की खूबसूरती भी, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि जिस आवाज ने लाखों लोगों के दिल जीते, कभी उसी आवाज को अपने पहले गाने के लिए सिर्फ छह रुपए मिले थे। तलत महमूद का जन्म 24 फरवरी 1924 को लखनऊ में एक रूढ़िवादी मुस्लिम परिवार में हुआ था। उनके परिवार में संगीत को अच्छा पेशा नहीं माना जाता था, लेकिन बचपन से ही तलत को गाने का शौक था। वे रात-रात भर चलने वाले संगीत कार्यक्रमों में बैठते और बड़े गायकों को ध्यान से सुनते थे। कम उम्र में ही उनकी आवाज में एक अलग तरह की मिठास थी. यही मिठास आगे चलकर उनकी पहचान बनी।*



### मीर और दाग जैसे शायरों की गजलें गाते थे

उन्होंने ऑल इंडिया रेडियो, लखनऊ से गाना शुरू कर दिया। वे मीर और दाग जैसे शायरों की गजलें गाते थे। साल 1941 में उनका पहला गाना रिकॉर्ड हुआ। यह गाना ग्रामोफोन कंपनी एचएमवी के लिए था और इसके बदले उन्हें महज 6 रुपए मेहनताना मिला था। आज के समय में यह रकम बहुत छोटी लगती है, लेकिन उसी छोटे से भुगतान ने एक बड़े सफर की शुरुआत की। उनकी आवाज इतनी पसंद की गई कि लोग उनसे और गानों की मांग करने लगे।

### कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया

1944 में उनका गाना 'तस्वीर तेरी दिल मेरा बहला न सकेगी' काफी लोकप्रिय हुआ। इसके बाद वे कलकत्ता चले गए, जहां उन्होंने कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया और गाने भी गाए। उस दौर में वे 'तपन कुमार' नाम से भी गाते थे। 1949 में वे मुंबई आ गए और यहीं से उनका असली सुनहरा दौर शुरू हुआ। 1950 और 1960 के दशक में वे हिंदी फिल्मों के सबसे पसंदीदा गायकों में गिने जाने लगे। उनके गाने इतना न मुझसे तू प्यार बढ़ा, फिर वही शाम, वही गम, ये हवा ये रात, मिलते ही आंखें दिल हुआ दिवाना और तस्वीर बनाता हूं जैसे गाने लोगों के दिलों में उतर गए।



### पद्म भूषण से हुए सम्मानित

उन्हें 1992 में भारत सरकार ने पद्म भूषण से सम्मानित किया। यह सम्मान उनके लंबे और शानदार योगदान की पहचान था। उन्होंने लगभग चार दशकों तक गाया और सैकड़ों गीतों को अपनी आवाज दी। 9 मई 1998 को 74 साल की उम्र में उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी आवाज आज भी रेडियो, टीवी और संगीत प्रेमियों के दिलों में जिंदा है।

### दिलीप कुमार के लिए कई गानों में आवाज दी

उनकी आवाज अभिनेता दिलीप कुमार पर खास तौर पर जंचती थी। उन्होंने दिलीप कुमार के लिए कई गानों में आवाज दी, जिनमें 'हमसे आया न गया', ऐ दिल मुझे ऐसी जगह ले चल, हम दर्द के मारों का, कोई नहीं मेरा इस दुनिया में और सीने में सुलगते हैं अरमां जैसे गाने शामिल हैं। तलत महमूद की खास बात यह थी कि वे गानों के बोल को बहुत ध्यान से पढ़ते थे। अगर उन्हें शब्द अच्छे नहीं लगते तो वे गाना गाने से मना कर देते थे। हालांकि, समय के साथ संगीत का रुख बदला और तेज, ऊंची आवाज वाले गीत ज्यादा पसंद किए जाने लगे। इससे उनका कॅरियर थोड़ा धीमा पड़ गया, लेकिन उनकी पहचान कभी कम नहीं हुई।

## खबर संक्षेप



### चिकित्सा शिविर में 430 ग्रामीणों का उपचार

**रायगढ़।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय बुनगा के डॉक्टर गांव गाँव में शिविर लगाकर आयुर्वेद चिकित्सा के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शिविरों में ज्यादतर वात, उदर, कास, चर्म, बी पीए कमजोरी इत्यादि से पीड़ित रोगी अपना स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। डॉ जागृति पटेल द्वारा शिविर में आए लोगों को जीवन शैली जन्य रोग, आहारविहार, योगासन, स्वछता, नशापान के संबंध में विभिन्न प्रकार के पंपलेट द्वारा ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

### कपड़े उतारकर प्रदर्शन कांग्रेस की कुंठित मानसिकता

**रायगढ़।** एआई समिट में कांग्रेस द्वारा कपड़े उतारकर विरोध प्रदर्शन किए जाने के मामले में प्रतिक्रिया देते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष अरूणधर दीवान ने कहा सत्ता नहीं मिलने पर कांग्रेस बौखला गई है और अब कांग्रेस की बेजा हरकतों से उसके सहयोगी दल भी परेशान हो गए है। दीवान ने कहा कांग्रेस विपक्ष नहीं बल्कि उसके साथ सहयोगी दल भी है उन्हें विश्वास में लिए बिना कांग्रेस मनमाने तरीके से विरोध प्रदर्शन कर भाग खड़ी होती है। कांग्रेस का इको सिस्टम पूरे विश्व में भारत की छवि धूमिल करने में लगा है जिससे मोदी सरकार को किसी तरह से रोका जा सके। हाल में ही कांग्रेस की महिला सांसदों को प्रधानमंत्री मोदी के कुर्सी के इर्द गिर्द व्यवधान करने के लिए इस्तेमाल किया गया। दीवान ने पूछा कि ऐसी ओछी हरकतों से प्रधान मंत्री की कुर्सी हासिल नहीं की जा सकती इसके लिए चुनावी मैदान में जनता का दिल जीतना पड़ता है।



### 15 मेडिकल दुकान संचालकों को चेतावनी

**रायगढ़।** जिले में नशा मुक्ति अभियान के तहत प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए स्वापक एवं मनःप्रभावी औषधियों के अवैध क्रय.विक्रय और भंडारण पर रोक लगाने के उद्देश्य से व्यापक जांच अभियान चलाया। जिला, पुलिस तथा औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम ने जिले के विभिन्न औषधि प्रतिष्ठानों में सघन जांच और निरीक्षण किया। इस दौरान कुल 15 मेडिकल स्टोर्स के संचालकों को नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कड़ी चेतावनी दी गई। अधिकारियों ने सख्त निर्देश दिए कि बिना डॉक्टर की वैध प्रिस्क्रिप्शन के किसी भी प्रकार की नशीली या मनः प्रभावी दवाइयों का क्रय.विक्रय न किया जाए। निरीक्षण के दौरान दवा विक्रेताओं को संबंधित कानूनों, भंडारण नियमों तथा रिकॉर्ड संधारण के संबंध में आवश्यक जानकारी भी प्रदान की गई। जिन मेडिकल स्टोर को इस संबंध में चेतावनी दी गई है ।

## पृष्ठ 1 का शेष

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं...

उन्होंने गंभीर कुपोषित बच्चों को आवश्यक उपचार हेतु एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) में भर्ती कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस कार्य में प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के विषय में जिला स्वास्थ्य समिति में चर्चा करने की बात भी कही। संघ के सदस्यों ने बिना पूर्व सूचना मानदेय कटौती की समस्या भी उठाई। इस पर कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियमित रूप से केंद्र में उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें और अवकाश लेने से पूर्व विधिवत सूचना दें। साथ ही उन्होंने सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि बिना नोटिस दिए मानदेय में कटौती न की जाए। अनावश्यक कटौती पाए जाने पर संबंधित सुपरवाइजर के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। संघ द्वारा आधार से जुड़े मोबाइल नंबर की अनुपलब्धता के कारण ई-केवाईसी में आ रही कठिनाइयों की जानकारी भी दी गई। कलेक्टर ने इस समस्या के समाधान हेतु विशेष आधार शिविर आयोजित कर छूटे हुए हितग्राहियों के आधार कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शासन की योजनाओं की जमीनी क्रियान्वयन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनकी सक्रियता और समर्पण से ही बच्चों के समुचित पोषण एवं विकास का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

## गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

# कलेक्टर की चेतावनी...जल जीवन मिशन के काम 31 मार्च तक हो पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टोरेट सभा कक्षए रायगढ़ में आज जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई और लंबित तथा प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय.सीमा में पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायगढ़ की कार्यपालन अभियंता श्रीमती प्रतिभा नवरत्न सहित जिले के सभी विकासखंडों के सहायक अभियंताए उप अभियंता एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी निर्माण एवं स्थापना कार्य 31 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग सतत स्थल निरीक्षण एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के कार्य पूर्ण हो चुके हैं, वहां योजनाओं को नियमानुसार ग्राम पंचायतों को हैंडओवर करने की प्रक्रिया तत्काल सुनिश्चित की जाए। यदि किसी पंचायत स्तर पर राष्ट्रीय योजनाओं के पूर्ण होने के बाद हैंडओवर लेने में किसी प्रकार की समस्या आ रही हो तो ऐसी ग्राम पंचायतों की सूची जिला पंचायत सीईओ को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन के प्रति उदासीनता बरतने वाली पंचायतों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

कलेक्टर ने विभागीय तकनीकी टीम को जल जीवन मिशन के कार्यों की सतत निगरानी के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने ठेकेदारों से एक एक कार्य की समीक्षा करते हुए विभागीय समन्वय के अभाव में रुके हुए कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने दोहराया कि जिले के प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार तक सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में सभी अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करते हुए जल जीवन मिशन के लक्ष्यों की समय पर प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



बैठक लेते कलेक्टर और उपस्थित विभागीय अधिकारी।




# पत्रकारों के विरूद्व झूठी शिकायत पर प्रेस क्लब ने जताई नाराजगी

▪ एसपी से की निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग

**जशपुरनगर।** सोशल मिडिया में प्रसारित हो रहे विवादित और आपत्तिजनक विडियो और आडियो को लेकर प्रकाशित समाचारों को लेकर पुलिस में पत्रकारों के विरूद्व की गई शिकायत पर प्रेस क्लब जशपुर के पत्रकारों ने कड़ी नाराजगी जताई है।

बुधवार को शहर के सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से पारित किये गए प्रस्ताव में पत्रकारों ने कहा कि समाचार संकलित करना और इन्हें प्रकाशित कर जनता व शासन-प्रशासन के सामने लाना ही मिडिया का काम है। पत्रकारों के विरूद्व सिटी कोतवाली में शिकायत की है, वह पूरी तरह से गलत और आधारहीन है। प्रस्ताव में कहा गया है कि सोशल मिडिया में प्रसारित हो रहा आडियो और विडियों बेहद आपत्तिजनक है। इसमें गोली मारने जैसे हिंसक और आपराधिक धमकी जैसे भाषा का प्रयोग किया गया है। इस कृत्य के बाद ना केवल उरांव समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई, अपितु अपने नापाक भाषा को जशपुर की बोली बता कर, जशपुर की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है। जो बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। बैठक के बाद पत्रकार एकजुट हो कर एसएसपी डां लाल उमेद सिंह से मुलाकात कर उन्हें अपनी भावनाओं से अवगत कराया और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# पशुपालक दल झारखंड के लिए रवाना

## पशुपालन के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को सिखने का मिलेगा अवसर

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में पशुधन विकास विभाग द्वारा कृषक कौशल विकास योजना अंतर्गत कृषक भ्रमण सह प्रशिक्षण हेतु जशपुर विकासखंड के प्रगतिशील पशुपालकों के दल को छः दिवसीय प्रशिक्षण सह अध्ययन भ्रमण के लिए झारखंड भेजा गया है। इस अवसर पर पशुधन विकास विभाग जशपुर के उप संचालक डॉ.महेश सिंह बघेल ने बताया कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य जशपुर के पशुपालकों को उन्नत डेयरी प्रबंधन, दुधारू गायों की नस्ल सुधार, पशुओं में सही आहार और बीमारियों से बचाव की आधुनिक तकनीकों से रूबरू कराना है।

इस कार्यक्रम के दौरान किसान मेधा दुग्ध डेयरी सहकारी संघ होटवार अंतर्गत आधुनिक मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट्स, कृषि विज्ञान केंद्र बिशुनपुर, वेटरनरी कॉलेज रांची अंतर्गत बकरी, सुकर, पोल्ट्री एवं डेयरी प्रक्षेत्रों में उन्नत नस्ल सुधार का अध्ययन करेंगे एवं वैज्ञानिकों और विषय विशेषज्ञों द्वारा उन्हें संतुलित पशु आहार प्रबंधन, रोगों से बचाव ,पशुओं में नस्ल सुधार एवं पशु फार्म व आवास के प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी ओर क्षेत्रांतर्गत प्रगतिशील पशुपालकों से भेंट कर उनके अनुभव जानेंगे। पशुपालकों का दल मेधा डेयरी सहकारी संघ (होटवार) में आधुनिक मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट्स का अवलोकन करेगा। यहाँ वे सीखेंगे कि कैसे दूध की गुणवत्ता बनाए रखी जाती है और मेधा डेयरी की तरह बड़े पैमाने पर प्रसंस्करण कैसे किया जाता है। पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। पशुपालन को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। इस भ्रमण का अंतिम उद्देश्य जशपुर के किसानों को पारंपरिक खेती से आगे बढ़ाकर व्यवसायिक पशुपालन की ओर प्रेरित करना है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो और वे आत्मनिर्भर बन सकें। इस प्रशिक्षण से हमारे क्षेत्र के किसान आत्मनिर्भर बनेंगे और उनकी आय में वृद्धि होगी। नवाचार की ओर बढ़ते कदम जशपुर के प्रगतिशील पशुपालकों के दल को उप संचालक डॉ.महेश सिंह बघेल एवं विभागीय अधिकारीयों ने हरी झंडी दिखाकर रांची रवाना किए।




# टाइप-1 डायबिटीज पर कार्यशाला : विशेषज्ञों ने दी जानकारी

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री बाल मधुमेह योजना के अंतर्गत टाइप-1 डायबिटीज से ग्रसित बच्चों एवं उनके परिजनों के लिए जिला स्तर पर स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में जिला चिकित्सालय में आज एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य किशोरावस्था से पूर्व बच्चों में बढ़ रहे टाइप-1 मधुमेह के मामलों, समय पर पहचान के अभाव तथा पालकों में जागरूकता की कमी के कारण होने वाली असामयिक मृत्यु को रोकना था। इस अवसर पर यूनिसेफ मुख्यालय न्यूयॉर्क से आए स्वास्थ्य विशेषज्ञों के दल मिस्टर राउल बरमेजो, मिस डेवॉन कुएने तथा मिस मारियाना बेनाविड्स एली लिली एवं कंपनी यूएसए के द्वारा टाइप-1 डायबिटीज के प्रभावी प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। विशेषज्ञों ने बताया कि यद्यपि टाइप-1 मधुमेह की उचित प्रबंधन के माध्यम से रोगी सामान्य एवं स्वस्थ जीवन जी सकता है। उन्होंने इंसुलिन थेरेपी, नियमित एवं दैनिक ब्लड ग्लूकोज मॉनिटरिंग, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित शारीरिक गतिविधि, योग एवं व्यायाम, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समय-समय पर चिकित्सकीय जांच की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त शर्करा का स्तर अत्यधिक कम हो जाने पर ग्लूकोज टैबलेट अथवा टॉफी के माध्यम से तत्काल रक्त शर्करा को सामान्य स्तर तक लाने की जानकारी भी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जीएस जात्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री बाल मधुमेह योजना का प्रमुख उद्देश्य टाइप-1 मधुमेह से ग्रसित बच्चों की शीघ्र जांच एवं पहचान सुनिश्चित करना, उन्हें निःशुल्क इंसुलिन उपलब्ध कराना, आरोग्य दर में सुधार लाना तथा स्वस्थ जीवनशैली केंद्रों के माध्यम से परामर्श एवं सहयोग प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त मधुमेह संबंधी जटिलताओं की रोकथाम, चिकित्सकों द्वारा नियमित फॉलोअप, तथा परिवार के सदस्यों को इंसुलिन देने का प्रशिक्षण प्रदान करना भी योजना के प्रमुख घटक हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले एवं प्रदेश में बाल मधुमेह से होने वाली मृत्यु दर में कमी आएगी तथा आमजन में टाइप-1 मधुमेह के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। कार्यशाला के आयोजन में यूनिसेफ के स्वास्थ्य विशेषज्ञों के साथ डॉ.गजेंद्र सिंह, डॉ. विवेक विरेंद्र सिंह, सुश्री अन्नपूर्णा कौल एवं सुश्री राधिका श्रीवास्तव ने न्यूयॉर्क से आए विशेषज्ञों और उपस्थित अभिभावकों के बीच संवाद स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.उदय प्रकाश भगत, डॉ.अभिषेक निकुंज, डॉ.जानकी भगत शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ.अरविंद रात्रे सहायक नोडल अधिकारी, देवेंद्र राठौर, जिला सलाहकार डॉ.रूपा प्रधान, जगत चक्रेश सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। कार्यशाला के अंत में उपस्थित सभी बाल मधुमेह रोगियों के अभिभावकों को ग्लूकोमीटर एवं ग्लूकोस्ट्रिप का वितरण किया गया, ताकि वे घर पर ही नियमित रूप से बच्चों की रक्त शर्करा की जांच कर सकें और समय पर आवश्यक कदम उठा सकें।




# 4 ट्रक में 28 लाख का अवैध कबाड़ जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पूंजीपथरा पुलिस ने चार ट्रक में लोड 80 टन अवैध कबाड़ जब्त किया है। जब्त कबाड़ का कोई दस्तावेज वाहनों में नहीं था। घरघोड़ा की ओर से रायगढ़ आते समय पुलिस ने सामारुमा के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया है। इस दौरान चालकों ने पुलिस का विरोध भी किया। इसके कारण अलग से धारा भी लगाया गया है।

जानकारी के मुताबिक 23 फरवरी को पूंजीपथरा पुलिस टीम ने घरघोड़ा से रायगढ़ की ओर जा रहे चार ट्रकों को मेन रोड समारूमा के पास घेराबंदी कर पकड़ा। ट्रकों की तलाशी ली गई। उसमें लोहे के एंगल, पाइप, टिन एवं अन्य कबाड़ के टुकड़े लोड था। कबाड़ का वजन करीब 80 टन था इसका वर्तमान बाजार मूल्य करीब 28 लाख 35 हजार आंकी गई है। पुलिस द्वारा कबाड़ और चारों ट्रकों समेत 82 लाख की संपत्ति जब्त की गई है। आरोपियों पर धारा 35(क)ड 303(2) के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस पूछताछ के दौरान ट्रक चालकों द्वारा कबाड़ परिवहन के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिससे कबाड़ के चोरी की संपत्ति होने का संदेह हुआ। कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों द्वारा पुलिस कार्यवाही का विरोध भी किया गया, जिस पर पूंजीपथरा पुलिस द्वारा वाहन चालकों के विरुद्ध अलग से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

### उद्यमिता, हस्तशिल्प सांस्कृतिक विविधता का राष्ट्रीय महाकुंभ

**राउरकेला।** 27 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित होने वाले बहुप्रतीक्षित सरस स्वदेशी मेला की मेजबानी के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। सेक्टर 13 स्थित मिलन मैदान में आयोजित इस भव्य मेले का आयोजन ओरमास द्वारा सुंदरगढ़ जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है। आरएमसी कॉन्फ्रेंस हॉल में सोमवार की शाम आयोजित प्रेस वार्ता में सुंदरगढ़ के कलेक्टर डॉ. शुभंकर महापात्र ने बताया कि मेले का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों, ग्रामीण उद्यमिता और स्वयं सहायता समूहों को सशक्त मंच प्रदान करना है। यह मेला कारीगरों और उत्पादक समूहों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा। राष्ट्रीय स्तर के इस

# विधायक ने विधानसभा में उठाया राजस्व का मुद्दा

**सारंगढ़।** विधानसभा के बजट सत्र के पहले ही दिन बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे ने बिलाईगढ़ विकासखंडों में ऑनलाइन और ऑफलाइन राजस्व अभिलेखों की विसंगतियों का मुद्दा उठाकर सरकार को घेरने का प्रयास किया।



उन्होंने राजस्व मंत्री से सवाल करते हुए पूछा कि क्या तहसील कार्यालयों में संधारित ऑफलाइन मिसल और ऑनलाइन भुईया पोर्टल के रिकॉर्ड में अंतर के कारण आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने रिकॉर्ड दुरुस्ती, फौती और नामांतरण प्रकरणों में हो रही देरी तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई को लेकर भी सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा। उनके सवालों को सदन में गंभीरता से लिया गया और इसे क्षेत्र के हित में उठाया गया महत्वपूर्ण मुद्दा माना गया। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने जवाब में कहा कि जिले में ऑनलाइन और ऑफलाइन रिकॉर्ड में अत्यधिक भिन्नता नहीं है तथा त्रुटि सुधार का कार्य निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि विगत दो वर्षों में 5,496 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 4,646 का निराकरण किया जा चुका है और 850 आवेदन लंबित हैं। साथ ही मार्च अप्रैल 2026 में विशेष शिविर राजस्व पखवाड़ा आयोजित करने की घोषणा भी की गई।




# सुभाष और नंदकिशोर की पहल से कर्मचारी हितों को मिली नई दिशा

**सरिया।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन सरिया, बरमकेला जिला सारंगढ़ के तहसील संयोजक सुभाष चौहान एवं ब्लॉक संयोजक तथा शिक्षक नेता नंदकिशोर पटेल की सक्रिय पहल पर नया रायपुर स्थित संचलनालय, रायपुर में फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा से रायपुर में एक बैठक में सौजन्य भेंट किया।

इस मुलाकात के दौरान दोनों पदाधिकारियों ने क्षेत्र के कर्मचारियों की जमीनी समस्याओं, सेवा संबंधी जटिलताओं एवं मंत्रालय स्तर पर लंबित विभिन्न प्रकरणों को गंभीरता के साथ प्रांतीय संयोजक के समक्ष रखा। संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और कर्मचारियों के हितों के प्रति सजगता के साथ कार्य का निर्णय लिया। तहसील संयोजक सुभाष चौहान द्वारा संगठनात्मक मजबूती, समन्वय एवं कर्मचारियों की आवाज को प्रभावी। ढंग से मंच तक पहुँचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई। वहीं ब्लॉक संयोजक व शिक्षक नेता नंदकिशोर पटेल द्वारा शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों की समस्याओं को तथ्यात्मक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। जिससे बैठक सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ी। मुलाकात के दौरान पदोन्नतिए वेतन विसंगति, लंबित प्रशासनिक प्रकरणों एवं अन्य सेवा संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।









